रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 60] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 29, 2011/चैत्र 8, 1933
No. 60] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 29, 2011/CHAITRA 8, 1933

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 मार्च, 2011

फा. सं. एस-एडीएमएन/II/8/2010.—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 (2006 का 19) की धारा 61 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभण.**—(1) इन विनियमों को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए पहुंच संहिता) विनियम, 2011 कहा जाएगा ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. **परिभाषाएं.**—(1) इन विनियमों में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "पहुंच प्रबंध" का अर्थ प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच संविदा से है जो नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क में प्रवेश बिंदु क्षमता, निकास बिंदु क्षमता और सीएनजी निकास बिंदु क्षमता तक पहुंच के लिए निबंधन एवं शर्तों को परिभाषित करती है और इसे प्राधिकृत कंपनी की वेबसाइट पर डाला जाता है:

बशर्ते कि पहुंच व्यवस्था बोर्ड द्वारा जारी पहुंच व्यवस्था दिशा-निर्देशों पर आधारित होगी :

आगे बशर्ते यह कि वेब पर डाली गई क्षमता उपलब्ध क्षमता होगी;

(ख) "अधिनियम" का अर्थ पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 से है;

(ग) "आबंटित क्षमता" का अर्थ निकास बिंदु पर सुपुर्दगी के लिए प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच सहमत प्रवेश बिंदु पर एमएमबीटीयू में अनुसूचित अधिकतम दैनिक क्षमता से है;

(घ) "निर्धारित दिन" का अर्थ 1 अक्तूबर, 2007 तारीख से है जब केन्द्र सरकार ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित किया था;

(ड.) "प्राधिकृत कंपनी" का अर्थ उस कंपनी से है जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 के अंतर्गत भौगोलिक क्षेत्र में नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए प्राधिकृत किया गया है और उसके अंतर्गत संगत विनियम बनाए गए हैं;

(च) "बोर्ड" का अर्थ पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 के अंतर्गत स्थापित प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड से है;

(छ) "सीएनजी निकास बिंदु" का अर्थ उस बिंदु से है जहां से प्राधिकृत कंपनी द्वारा सीएनजी को सीएनजी कंप्रेशर के बिक्री केन्द्र पर मीटर की उचित व्यवस्था सहित शिपर को डिलीवरी करने के लिए सीएनजी कंप्रेशर निकास बिंदु से निकाला जाता है;

बशर्ते कि सीएनजी निकास बिंदु ट्यूब कनेक्शन या यूनियन पर समाप्त हो जाएगा, जहां कंप्रेशर निकास डिस्पेंसर से जुड़ा होता है तथा शिपर के सीएनजी कैस्केड की स्थिति में यह फिलिंग नोजल से जुड़ा जाता है;

(ज) "सीएनजी निकास बिंदु क्षमता" का अर्थ किलोग्राम (कि.ग्रा.) में मापी गई सीएनजी की अधिकतम गुणवत्ता से है, जो अधिकृत कंपनी एक दिन में संगत सीएनजी निकास बिंदु पर शिपर को डिलीवर करेगी;

बशर्ते कि सीएनजी मात्रा को अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट अनुसार परिवर्तन सूत्र का प्रयोग करके ऊर्जा मूल्य में परिवर्तित किया जाएगा;

आगे बशर्ते यह कि अधिकृत कंपनी अपफ्रंट द्वारा समय-समय पर सजातीय क्षेत्र को परिभाषित किया जाए तथा इसकी जानकारी शिपर को दी जाए;

(झ) "सीएनजी निकास बिंदु अधिकतम दैनिक मात्रा ("सीएनजी निकास बिंदु एमडीक्यू") का अर्थ रुपए/किलोग्राम (कि.ग्रा.) में मापी गई प्राकृतिक गैस की अधिकतम मात्रा से है, जिसे शिपर द्वारा एक दिन में संगत सीएनजी निकास बिंदु से लिया जा सकता है;

(ञ) "सीएनजी के लिए कंप्रेशन प्रभार" का अर्थ प्राकृतिक गैस को कंप्रेस्ड प्राकृतिक गैस का ऑनलाइन कंप्रेशन करने हेतु लिए जाने वाले प्रभार रुपए/कि.ग्रा.(सांविधिक कर और शुल्क को छोड़कर) से है ताकि उसे बाद में बोर्ड द्वारा निर्धारित और अनुमोदित अनुसार किसी सीएनजी स्टेशन में उपभोक्ताओं को वितरित किया जा सके;

(ट) "दिन" का अर्थ लगातार चौबिस घंटों की अवधि से है जो दिन में प्रात: 0600 बजे शुरू होता है और अगले दिन प्रात: 0600 बजे से पहले समाप्त होता है;

(ठ) "विनिर्दिष्ट निकास बिंदु" का अर्थ उस निकास बिंदु से है जिसके लिए शिपर और प्राधिकृत कंपनी के बीच गैस सुपुर्दगी के लिए परस्पर सहमति हुई हो;

(ड) "सुपुर्दगी मात्रा" का अर्थ प्राधिकृत कंपनी द्वारा शिपर के विनिर्दिष्ट निकास बिंदु पर प्राधिकृत कंपनी द्वारा एमएमबीटीयू में दी गई गैस की मात्रा से है;

(ढ) "विवाद" का अर्थ इन विनियमों या पहुंच व्यवस्था के अंतर्गत या इस संबंध में कंपनी के बीच उत्पन्न होने वाले विवाद या अंतर से है;

(ण) "दूरवर्ती कनेक्शन" का अर्थ शिपर को दिए जाने वाले उस कनेक्शन से है जिसे वह पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, विशेषकर (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए विशिष्टता) विनियम, 2008 के विनियम 9 के प्रावधानों से आगे भौगोलिक क्षेत्र के किसी प्रभार क्षेत्र में कनेक्टिविटी के लिए चाहता हो;

(त) "प्रवेश बिंदु" का अर्थ उस बिंदु से है जहां किसी शिपर द्वारा डिलीवर की गई प्राकृतिक गैस को नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क में डाला जाता है तथा नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए गैस प्राप्ति विशेष रूप से सिटी गेट स्टेशन के लिए होनी चाहिए:

बशर्ते कि नेटवर्क पर अन्य किसी बिंदु पर प्राप्ति, पहुंच व्यवस्था में प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच परस्पर सहमति से हुई हो;

आगे बशर्ते कि नए भौगोलिक क्षेत्र या मौजूदा सीजीडी नेटवर्क के विस्तार के लिए अपेक्षित गैस विशेष रूप से ट्रांसमिशन या सब-ट्रांसमिशन पाइपलाइन से दी जाए न कि मौजूदा भौगोलिक क्षेत्र से;

(थ) "प्रवेश बिंदु क्षमता" का अर्थ किसी विशिष्ट सकल कैलोरीयुक्त मूल्य पर एमएमबीटीयू में प्राकृतिक गैस की अधिकतम मात्रा से है, जो प्राधिकृत कंपनी एक दिन में संगत प्रवेश बिंदु पर शिपर से प्राप्त करेगी कि ताकि उसे विनिर्दिष्ट मौजूदा बिंदु पर दिया जा सके;

(द) "प्रवेश बिंदु अधिकतम दैनिक मात्रा" ("प्रवेश बिंदु एमडीक्यू") का अर्थ किसी विशिष्ट सकल कैलोरीयुक्त मूल्य पर एमएमबीटीयू में प्राकृतिक गैस की अधिकतम मात्रा से है जिसकी क्षमता शिपर को आबंटित की गई है तथा जिसे प्राधिकृत कंपनी पहुंच व्यवस्था में सहमति अनुसार एक दिन में संगत प्रवेश बिंदु पर शिपर से प्राप्त करेगी;

(ध) "विशिष्टता अवधि" का अर्थ सामान्य वाहक या संविदा वाहक के क्षेत्राधिकार से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए विशिष्टता) विनियम, 2008 के अंतर्गत बोर्ड द्वारा दी गई अवधि से है;

(न) "निकास बिंदु" का अर्थ उस बिंदु से है जहां से शिपर द्वारा प्राकृतिक गैस नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क से ली जाती है जैसी कि प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच पहुंच व्यवस्था में सहमति हुई हो तथा ऐसे निकास बिंदु सभी मीटर

स्टेशनों, सीएनजी निकास बिंदु तथा पहुंच व्यवस्था में शिपर और प्राधिकृत कंपनी के बीच सहमत ऐसे सभी अन्य बिंदुओं पर होंगे:

बशर्ते कि:-

(i) घरेलू पाइप द्वारा प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के लिए निकास बिंदु संबंधित डीपीआरएस होंगे। इस बिंदु को गैस के घरेलू उपयोग हेतु लिए जाने पर विचार किया जाएगा;

(ii) किसी नए निकास बिंदु पर निर्णय तकनीकी और सुरक्षा आधार पर परस्पर सहमति से लिया जाएगा।

(प) **"निकास बिंदु क्षमता"** का अर्थ किसी विशिष्ट सकल कैलोरीयुक्त मूल्य पर एमएमबीटीयू में प्राकृतिक गैस की अधिकतम गुणवत्ता से है, जिसे प्राधिकृत कंपनी शिपर को एक दिन में संगत निकास बिंदु पर डिलीवर करेगी;

(फ) **"निकास बिंदु अधिकतम दैनिक गुणवत्ता" (निकास बिंदु एमडीक्यू")** का अर्थ किसी विशिष्ट सकल कैलोरीयुक्त मूल्य पर एमएमबीटीयू में प्राकृतिक गैस की अधिकतम मात्रा से है जिसे शिपर द्वारा एक दिन में विशिष्ट मीटर स्टेशन और सीएनजी निकास बिंदु से लिया जा सकता है;

(ब) एक दिन में **"असंतुलित मात्रा"** का अर्थ विनियम 15 में विनिर्दिष्ट अनुसार उस दिन के सकारात्मक असंतुलित या नकारात्मक असंतुलित मात्रा से है;

(भ) **"लाइन पैक" ("एलपी")** का अर्थ गैस की उस मात्रा से है जिसे नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क में हर समय बनाए रखा जाना चाहिए ताकि नेटवर्क के जरिए प्राकृतिक गैस का दबाव बना रहे और परिवहन और आपूर्ति में कोई बाधा न हो;

(म) **"गुम और बेहिसाब गैस" ("एलयूएजी")** का अर्थ प्राकृतिक गैस की उस मात्रा से है जो किसी भी कारण से बेहिसाब है, लेकिन न किसी नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के नियमित प्रचालन या रखरखाव के दौरान बंद करने, निकासी या रिलीज, प्रवेश और निकासी बिंदु पर मीटर रीडिंग के बेमेल होने तक ही सीमित न हों;

(य) **"विक्रेता"** का अर्थ प्राकृतिक गैस के लिए विपणन या व्यापार के साथ लेनदेन करने वाली कंपनी से है;

(र) **"अधिकतम दैनिक मात्रा" ("एमडीक्यू")** का अर्थ दिन के चौबीस घण्टों में किसी विशिष्ट दिन में सुपुर्दगी या सुपुर्द की गई संविदागत, बुक की गई, अनुसूचित अधिकतम मात्रा से है;

(ल) **"अधिकतम सुपुर्दगी दर" ("एमडीआर")** का अर्थ प्रति घंटा एमएमबीटीयू की अधिकतम दर से है, जिस पर प्राधिकृत कंपनी शिपर को पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट अनुसार संगत निकास बिंदु पर प्राकृतिक गैस की सुपुर्दगी करेगी;

(व) **"अधिकतम उठान दर" ("एमओआर")** का अर्थ प्रति घंटा एमएमबीटीयू में अधिकतम दर से है, जिस पर शिपर पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट अनुसार संगत निकास बिंदु पर प्राकृतिक गैस लेगा तथा एमओआर का मूल्य एमडीआर के मूल्य के समान होगा;

(श) **"अधिकतम प्राप्ति दर" ("एमआरआर")** का अर्थ एमएमबीटीयू प्रति घंटा अधिकतम दर से है, जिस पर अधिकृत कंपनी पहुंच प्रबंधन में विनिर्दिष्ट अनुसार संगत प्रवेश बिंदु पर प्राकृतिक गैस प्राप्त करेगी;

(ष) **"एमएमबीटीयू"** का अर्थ मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट से है और यह आईएसओ 6976-1:1983(ई) में परिभाषित तथा समय-समय पर संशोधित अनुसार सकल कैलोरीयुक्त मूल्य पर आधारित ऊर्जा तत्व की इकाई होगी;

(स) **"नेटवर्क टेरिफ"** का अर्थ बोर्ड द्वारा निर्धारित और अनुमोदित अनुसार सीजीडी नेटवर्क में प्राकृतिक गैस के ग्राहकों की सभी श्रेणियों के लिए प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल इकाइयों (रुपए/एमएमबीटीयू) में टेरिफ (सांविधिक कर और शुल्क) की इकाई दर से है;

(ह) **"नामित गुणवत्ता"** का अर्थ एमएमबीटीयू में प्राकृतिक गैस की गुणवत्ता से है जिसकी शिपर द्वारा किसी विनिर्दिष्ट प्रवेश बिंदु पर सुपुर्दगी के लिए प्राधिकृत कंपनी को पुष्टि की गई थी, जिसमें वितरण या खपत के लिए दैनिक आधार पर संगत निकास बिंदु में उठान का ब्यौरा दिया गया हो:

बशर्ते कि 0.5 एमएमबीटीयू से कम एमडीक्यू के लिए किसी नामांकन की आवश्यकता न हो;

(कक) **"गैर-विशिष्ट गैस"** का अर्थ निकास बिंदु पर किसी प्राधिकृत कंपनी द्वारा प्रवेश बिंदु पर या शिपर द्वारा सुपुर्दगी बिंदु पर दी गई प्राकृतिक गैस से है जो विनियम 7 के उप-विनियम (1) में संदर्भित गैस मापदण्डों के अनुरूप न हो;

(खख) **"प्रचालन दबाव"** का अर्थ किसी विशेष प्रवाह से संबंधित दर से है, जिस पर नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के संगत भाग को प्रचालित किया जाता है:

बशर्ते कि किसी भी समय नेटवर्क का प्रचालन दबाव सुरक्षा मानक विनियमों सहित संगत तकनीकी मानकों और विशिष्टियों में विनिर्दिष्ट अनुसार डिजाइन दबाव या अधिकतम अनुमेय प्रचालन दबाव (एमएओपी) से नहीं बढ़ना चाहिए।

(गग) **"अनुसूचित गुणवत्ता"** का अर्थ एमएमबीटीयू में प्राकृतिक गैस की मात्रा से है, जो विनिर्दिष्ट प्रवेश बिंदु या निकास बिंदु पर प्राधिकृत कंपनी द्वारा वितरण या नामित क्षमता पर आधारित अपने उपयोग के लिए विशिष्ट शिपर के लिए अनुसूचित है तथा पहुंच व्यवस्था के प्रावधानों के अनुसार है;

(घघ) **"शिपर"** का अर्थ उपभोक्ता, विपणनकर्ता या किसी प्राधिकृत कंपनी से है, जो सीजीडी नेटवर्क में क्षमता का उपयोग करना चाहता है:

बशर्ते कि शिपर -

(i) कंपनी के नेटवर्क में मौजूदा उपभोक्ता हो;

(ii) सकारात्मक निवल मूल्य वाला एक कारपोरेट निकाय हो और आयकर के लिए मूल्यांकित भौगोलिक क्षेत्र में भौतिक व्यवसाय गठन सहित कम से कम एक वर्ष के लिए व्यवसाय में हो;

(iii) कंपनी या विक्रेता के साथ पंजीकृत कोई उपभोक्ता हो;

(iv) व्यवसाय में वास्तविक उपस्थिति वाला कोई नया वाणिज्यिक या औद्योगिक उपभोक्ता हो; या

(v) कोई कंपनी, जिसकी डीएफआर के साथ कारोबार करने की योजना हो, जिसे बैंक द्वारा वित्तीय रूप से मूल्यांकित और अनुमोदित किया गया हो।

टिप्पणी: यदि मौजूदा शिपर ने प्राधिकृत कंपनी के साथ भुगतान अथवा अन्य किसी संविदागत बाध्यता पर कोई चूक की है, तो शिपर "शिपर" के रूप में योग्य होने से पूर्व प्राधिकृत कंपनी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करेगा;

(ङङ) **"मानक घन मीटर"** (**"एससीएम"**) का अर्थ गैस की उस मात्रा से है जो एक घन मीटर जगह घेरती है, जब ऐसी गैस 15.56 डिग्री सेंटीग्रेड (60° फॉ) के तापमान पर और 1013.25 मिली बॉर (14.696 पसिया) के दबाव पर हो;

(चच) **"मानक तापमान और दबाव"** (**"एसटीपी"**) का अर्थ 0°सें. पर वायु (273.15के, 32° फॉ.) और 10^5 पास्कल के रूप में आईयूपीएसी (अंतर्राष्ट्रीय शुद्ध और अनुप्रयुक्त रसायन संघ) द्वारा परिभाषित अनुसार तापमान और दबाव से है।

(छछ) **"प्रणाली उपयोग गैस"** (**"एसयूजी"**) का अर्थ एमएमबीटीयू में प्राकृतिक गैस की मात्रा से है जिसका प्रयोग नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के प्रचालन और रखरखाव के लिए प्राधिकृत कंपनी के लिए किया जाता है, जिसमें कंप्रेशर, प्राईम मूवर्स, गैस हीटरों और सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए निकासी या फ्लेयरिंग शामिल है किंतु यह इन तक सीमित नहीं हैं;

(जज) **"माप की इकाई"** का अर्थ गैस की मात्रा की माप इकाई से है और यह सभी उपभोक्ताओं के लिए मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) में होगी तथा

सीएनजी निकास बिंदु मात्रा को किलोग्राम में मापा जाएगा लेकिन इसे प्राकृतिक गैस मात्रा के लिए एमएमबीटीयू में परिवर्तित किया जाएगा।

2. प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्तियां जिन्हें इन विनियमों में परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन अधिनियम में या नियमों में या उसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों में परिभाषित किया गया हो, का अधिनियम में या नियमों में या विनियम, जैसी भी स्थिति हो, में क्रमश: दिए गए अनुसार अर्थ होगा।

3. प्रयोजनीयता

(1) ये विनियम उस कंपनी पर लागू होंगे जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 के अंतर्गत किसी भौगोलिक क्षेत्र में नगर या स्थानीय गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए प्राधिकृत किया गया है जो इसकी विशिष्ट अवधि, यदि कोई हो, के तत्काल बाद होगा, जिसे बोर्ड द्वारा सामान्य वाहक या संविदा वाहक के क्षेत्राधिकार से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए विशिष्टता) विनियम, 2008 के अंतर्गत बोर्ड द्वारा अनुमति दी गई हो, और कोई कंपनी या शिपर, जो घरेलू, वाणिज्यिक या औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए ऐसे नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण पर सीएनजी निकास बिंदु क्षमता पर प्रवेश बिंदु क्षमता, निकास बिंदु क्षमता और सुपुर्दगी तक पहुंच चाहते हैं:

बशर्ते कि -

(क) प्राधिकृत कंपनी शिपर को किसी भौगोलिक क्षेत्र में नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क का बिना किसी भेदभाव के आधार पर पहुंच की अनुमति देगी, जिसके लिए बोर्ड द्वारा विशिष्ट अवधि, यदि कोई हो, के अंत में विनियम 5 में उल्लिखित सीमा के लिए अनुमति दी गई हो;

(ख) ढांचे का विकास पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 द्वारा अधिशासित किया जाएगा और शिपर को गैस का परिवहन और सुपुर्दगी प्राधिकृत कंपनी द्वारा की जाएगी -

(i) जो घरेलू कनेक्शनों के बर्नर से जुड़ी सुरक्षा होज़ तक होगी;
(ii) वाणिज्यिक और औद्योगिक कनेक्शनों के मामले में मीटर बिंदु तक होगी;
(iii) सीएनजी स्टेशन के मामले में कंप्रेशर निकास बिंदु तक होगी।

टिप्पणी:(i) प्राधिकृत कंपनी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानक और

विशिष्टियाँ) विनियम, 2008 के अनुरूप हर समय सुरक्षा होज़ तक अपनी संपूर्ण परिसंपत्ति को बनाए रखेगी।

(ii) मीटर बिंदु का अर्थ उस स्थल से है जहाँ गैस को मापा जाता है, जिसमें निकास बिंदु पर वांछित दबाव तक मीटर यंत्र, उपकरण और दबाव में कमी शामिल होगी।

(iii) कंप्रेशर निकास बिंदु में फिलिंग नोजल और सीएनजी माप सुविधाएं शामिल होंगी।

आगे बशर्ते कि -

(क) दूरवर्ती कनेक्शनों के परिवहन का प्रभार पहुंच व्यवस्था में प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच हुई सहमति के अनुसार तब तक होगा जब तक कि कनेक्शन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए विशिष्टता) विनियम, 2008 के विनियम 9 के अंतर्गत शामिल हो;

(ख) प्राधिकृत कंपनी शिपर के अनुरोध पर दूरवर्ती कनेक्शन के लिए कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी बशर्ते कि ऐसा करना प्रौद्योगिकी-सुरक्षा कारणों से संभव हो और इस पर आने वाली लागत प्राधिकृत कंपनी द्वारा वहन की जाएगी या उसे टेरिफ में समायोजित किया जाएगा यदि लागत को शिपर और प्राधिकृत कंपनी के बीच परस्पर सहमति से वहन किया जाता है;

(क) प्राधिकृत कंपनी प्रौद्योगिकी सुरक्षा कारणों से दूरवर्ती कनेक्शन देने से मना कर सकती है और ऐसे मामलों में प्राधिकृत कंपनी, शिपर और बोर्ड को शिपर से ऐसा अनुरोध प्राप्त होने के तीस दिनों के अंदर कारणों सहित सूचित करेगी।

4. क्षमता की घोषणा

(1) पहली बार, प्राधिकृत कंपनी अपनी विशिष्ट अवधि के समाप्त होने से पहले अपने नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क की प्रवेश बिंदु क्षमता, निकास बिंदु क्षमता और सीएनजी निकास बिंदु क्षमता की अपने सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर 180 दिनों की सुगम पहुंच की घोषणा करेगी तथा इन्हें इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसार अपनी वेबसाइट पर डालेगी तथा प्राधिकृत कंपनी पीएनजी के लिए डीपीआरएस स्तर पर तथा सीएनजी के लिए मदर स्टेशनों (कैस्केड फिलिंग क्षमता) की क्षमता को घोषित कर सकती है या उसे वेबसाइट पर डाल सकती है:

बशर्ते कि -

(क) सभी प्रवेश बिंदुओं पर संचयी आधार पर खुली पहुंच के लिए किसी सीजीडी नेटवर्क में क्षमता सीजीडी नेटवर्क की क्षमता या सीजीडी नेटवर्क में गैस प्रवाह की मात्रा, जो भी अधिक हो, का बीस प्रतिशत होगी और जब सीजीडी नेटवर्क में ऐसी अतिरिक्त क्षमता

दस प्रतिशत की सीमा तक पहुंच जाए, तो अधिकृत कंपनी इस क्षमता को बढ़ाकर बीस प्रतिशत करेगी। बोर्ड स्वत: आधार पर और सार्वजनिक विचार-विमर्श की उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद किसी प्राधिकृत कंपनी को तब तक इनके अनुरूप तथा बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट अनुसार अन्य निबंधन एवं शर्तों पर अतिरिक्त क्षमता का निर्माण करने के लिए कह सकता है।

(ख) विशिष्ट अवधि के दौरान प्राधिकृत कंपनी के जरिए गैस प्राप्त करने वाले किसी उपभोक्ता या शिपर को विशिष्ट अवधि की समाप्ति के बाद ऐसी क्षमता को आरक्षित करने का अधिकार होगा तथा यदि शिपर इस क्षमता को छोड़ने का इच्छुक हो, तो शिपर प्राधिकृत कंपनी को इसकी सूचना साठ दिन पहले देगा।

(2) उत्तरोत्तर क्षमता घोषणा प्रत्येक माह के तीसरे सप्ताह में की जाएगी।

(3) नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क पर प्रवेश या निकास बिंदुओं के लिए सीजीडी नेटवर्क प्रणाली की क्षमता का संगत विनियमों के अनुसार निर्धारण किया जाएगा।

(4) प्राधिकृत कंपनी प्रौद्योगिकी-आर्थिक कारणों से सीजीडी नेटवर्क के किसी मौजूदा प्रवेश या निकास बिंदुओं को जोड़ या त्याग सकती है:

बशर्ते कि नेटवर्क के किसी मौजूदा ग्राहक पर प्राधिकृत कंपनी के निर्णय का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

आगे बशर्ते कि प्राधिकृत कंपनी किसी मौजूदा प्रवेश या निकास बिंदु का त्याग करने के मामले में कम से कम साठ दिनों का नोटिस देगी और शिपरों की टिप्पणियां प्राप्त करेगी।

5. क्षमता बुकिंग

(1) प्राधिकृत कंपनी सार्वजनिक विचार-विमर्श के लिए अपनी वेबसाइट पर अनुसूची-II में विनिर्दिष्ट प्रपत्र तथा एक राष्ट्रीय तथा एक देशी समाचार-पत्र में सूचना ज्ञापन प्रकाशित करेगी, जिसमें उनके नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क पर प्रवेश और मौजूदा बिंदु क्षमता के लिए क्षमता बुकिंग मांगी जाएगी जबकि सीजीडी नेटवर्क शिपरों की पहुंच के लिए खुला होता है।

(2) पहली बार, सार्वजनिक परामर्श सामान्य या संविदा वाहक के कार्यक्षेत्र से प्राधिकृत कंपनी की विशिष्ट अवधि के समाप्त होने से कम से कम 180 दिन पहले शुरू होगा।

(3) इच्छुक शिपर अनुसूची-III में विनिर्दिष्ट प्रपत्र में क्षमता बुकिंग के लिए सार्वजनिक नोटिस की प्रारंभिक तारीख से नब्बे दिनों के अंदर क्षमता बुकिंग को नामित करने के लिए प्राधिकृत कंपनी को अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

(4) अनुरोध किए गए प्रवेश बिंदु एमडीक्यू का योग 10000 मानक घन मीटर प्रतिदिन (एससीएमडी) से अधिक या उसके समकक्ष होगा, तथा संगत मौजूदा बिंदु पर संचयी उठान का योग घरेलू क्षेत्र के लिए 100 एससीएमडी से अधिक या बराबर होगा। शिपर किसी घरेलू, औद्योगिक या वाणिज्यिक ग्राहकों में से बुकिंग क्षमता के बाद गैस बिक्री प्रारंभ कर सकता है लेकिन ऐसी दूसरी आपूर्ति पर तभी विचार किया जाएगा जब वे घरेलू उपभोक्ता को 100 एससीएमडी आपूर्तियां प्राप्त कर लेंगे।

बशर्ते कि ये इकाइयां पहुंच व्यवस्था में शिपर और प्राधिकृत कंपनी के बीच हुई सहमति के अनुसार अवधि में प्राप्त किया जाएगा।

(5) क्षमता बुकिंग पर प्रवेश बिंदु एमडीक्यू तथा क्षमता बुकिंग की अवधि के योग के उत्पाद की अधिकता पर आधारित पारदर्शी ढंग से निर्णय लिया जाएगा। प्रत्येक शिपर की अनुसूचित मात्रा घोषित की जाएगी और उसे प्राधिकृत कंपनी द्वारा वेबसाइट पर डाला जाएगा।

(6) क्षमता बुकिंग पहुंच व्यवस्था के जरिए सभी प्रवेश तथा निकास बिंदुओं पर उप-विनियम 3 तथा संगत निबंधन एवं शर्तों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार अवधि के समाप्त होने के तीस दिनों के अंतर्गत अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

(7) प्राधिकृत कंपनी नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क पर प्रवेश बिंदु क्षमता, निकास बिंदु क्षमता और सीएनजी प्रवेश बिंदु क्षमता पर प्रत्येक माह के तीसरे सप्ताह में सतत् आधार पर अनुसूची-II में विनिर्दिष्ट प्रपत्र में सूचना प्रकाशित करेगी और क्षमता की इस तरह से अनुसूची बनाएगी कि क्षमता का प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस से प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जा सके।

(8) क्षमता बुकिंग को प्रवेश बिंदु एमडीक्यू तथा निकास बिंदु एमडीक्यू तथा पहुंच व्यवस्था के जरिए अन्य संगत निबंधन एवं शर्तों के अनुसार अंतिम रूप दिया जा सकता है।

6. शिपर और कंपनी की जिम्मेदारियां

(1) प्राधिकृत कंपनी गैस प्राप्ति से सुपुर्दगी बिंदु तक प्रणाली के लिए लागू सभी विनियमों के अनुपालन के लिए जिम्मेदार होगी।

(2) शिपर प्राधिकृत कंपनी द्वारा गैस प्राप्ति से पूर्व प्रणाली के लिए लागू विनियमों के साथ अनुपालन करने के लिए जिम्मेदार होगा।

(3) दोनों प्राधिकृत कंपनी और शिपर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर और स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क की सेवा गुणवत्ता के लिए आचार संहिता) विनियम, 2010 का अनुपालन करेंगे।

7. गैस मापदण्ड

(1) प्राधिकृत कंपनी पहुंच व्यवस्था में दबाव और तापमान की स्वीकार्य शृंखला, स्वीकार्य सीवी बैंड और Co_2 N_2 O_2 आदि जैसे प्राकृतिक गैस में अन्य तत्वों के लिए स्वीकार्य समय-सीमा जैसे प्रवेश बिंदुओं पर भेदभाव किए बिना आधार पर गैस मापदण्डों के लिए सीमा को परिभाषित करेगी:

बशर्ते कि ऐसे तत्वों के लिए अनुसूचित सीमा अनुसूची-IV में विनिर्दिष्ट अनुसार होगी। तथापि, यदि सीजीडी नेटवर्क को विशेषकर कोल बेड मिथेन (सीबीएम) गैस, तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) या खुले खनन से कोल खनन मिथेन (सीएमएम) के आधार पर स्थापित किया गया है, जहां गैस विशिष्टियां अनुसूची-IV के अंतर्गत विशिष्ट के अनुरूप नहीं है तो बोर्ड से विशिष्ट अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। प्राकृतिक गैस के विभिन्न मापदण्डों के लिए अनुसूचित सीमा को पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(2) यदि शिपर द्वारा निकास बिंदुओं पर दी गई प्राकृतिक गैस पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट अनुसार गैस मापदण्डों तथा इन विनियमों में विनिर्दिष्ट अनुसार प्राकृतिक गैस की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करती तो प्राधिकृत कंपनी -

(क) इसे स्वीकार करने से मना कर सकती है; या

(ख) स्वीकार कर सकती है; और शिपर से सेवा का लागत प्रभार ("गैर-विशिष्ट गैस प्रभार") ले सकती है, जैसी कि पहुंच व्यवस्था में नेटवर्क आवश्यकताओं को प्राकृतिक गैस का उन्नयन करने के लिए कोई अतिरिक्त सुविधा या उपचार के लिए परस्पर सहमति हुई हो:

बशर्ते कि ऐसी गैर-विशिष्ट गैस का मौजूदा ग्राहकों के निकास बिंदुओं पर प्राधिकृत कंपनी द्वारा प्रतिबद्ध गुणवत्ता विशिष्टियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

(3) प्राधिकृत कंपनी निकास बिंदुओं पर मिश्रित गैस की सुपुर्दगी करेगी और निकास बिंदुओं पर गैस की मात्रा पहुंच व्यवस्था में सहमत स्वीकार्य बैंड के अधीन होगी।

(4) प्राधिकृत कंपनी किसी प्रयोक्ता को डिलीवरी करने से पूर्व पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड द्वारा अधिसूचित संगत मानकों के प्रावधानों के अनुसार संपूर्ण गैस में गंध भरेगी।

8. प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सुविधाएं

(1) शिपर अपनी लागत पर प्रवेश बिंदुओं पर मीटर द्वारा प्राकृतिक गैस की सुपुर्दगी की व्यवस्था करेगी, जब तक शिपर और प्राधिकृत कंपनी के बीच अन्यथा सहमति न हुई हो।

(2) प्राधिकृत कंपनी शिपर की लागत पर या पहुंच व्यवस्था में सहमत अनुसार प्रवेश बिंदुओं पर प्राकृतिक गैस की अभिरक्षा और सुपुर्दगी के अंतरण हेतु सुविधाएं उपलब्ध कराएगी जिसमें प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच हुई सहमति के अनुसार उपकरण या अन्य कोई प्रणाली मापना शामिल है:

बशर्ते कि प्राधिकृत कंपनी यदि चाहे तो अपनी लागत से प्रवेश बिंदुओं पर अपना जांच मीटर स्थापित कर सकती है।

(3) शिपर यह सुनिश्चित करेगा कि प्राधिकृत कंपनी की उसके परिसर में स्थापित माप उपकरण तक सुगम पहुंच हो।

(4) शिपर या नगर गेट स्टेशन का ट्रांसपोर्टर अपस्ट्रीम तब तक अपनी लागत और जोखिम पर प्रवेश बिंदुओं की अपस्ट्रीम सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, प्रचालन और रखरखाव करेगा, जब तक कि सुविधाओं को किसी पृथक संविदा के अंतर्गत प्राधिकृत कंपनी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाता।

(5) शिपर के कार्यक्षेत्र के अंदर माप बिंदुओं से प्राधिकृत कंपनी को कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी और लागत को उसके द्वारा वहन किया जाएगा जिसे इसकी आवश्यकता है।

(6) प्राधिकृत कंपनी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी जिसमें माप उपकरण, दबाव कमी और नियंत्रण सुविधाएं, गन्ध सुविधा, गैस क्रोमैटोग्राफी या अन्य कोई प्रणाली, जैसा कि प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच सहमति हुई हो, जो प्राधिकृत कंपनी की लागत पर निकासी बिंदुओं में शिपर को प्राकृतिक गैस की सुपुर्दगी के लिए अपेक्षित होगा, जिसमें औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ता शामिल नहीं है, जहां लागत को पहुंच व्यवस्था में हुई सहमति अनुसार शिपर द्वारा वहन किया जाएगा। सभी घरेलू ग्राहकों को उपयुक्त मीटरों से जोड़ा जाएगा।

(7) शिपर यह सुनिश्चित करेगा कि प्राधिकृत कंपनी को उस संगत निकास बिंदुओं पर माप उपकरण या अन्य किसी प्रणाली, जैसा कि प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच सहमति हुई हो, तक आसान पहुंच हो।

(8) किसी भी समय यदि कंपनी अपने उपभोक्ताओं और शिपरों के मीटरों को उन्नत बनाना चाहती है, तो वह ऐसा बिना किसी भेदभाव के कर सकती है। यदि शिपर अपने

उपभोक्ताओं के मीटरों को उन्नत बनाना चाहते हैं, तो वे ऐसा कर सकते हैं और उन्नयन की लागत शिपरों द्वारा वहन की जाएगी।

(9) प्रवेश तथा निकाय बिंदुओं पर सुविधाओं का रखरखाव पहुंच व्यवस्था में हुई सहमति के अनुसार किया जाएगा।

9. नामांकन, अनुसूची बनाना, मीटर लगाना, आबंटन और बिलिंग

(1) नामांकन, अनुसूची बनाना, मीटर लगाना, आबंटन और बिलिंग प्रक्रिया पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट की जाएगी और -

(क) शिपर बाद के किसी दिन और सप्ताह में मात्रा का नामांकन करेगा तथा संबंधित दिन से शुरू होने से चौबीस घंटे पहले प्राधिकृत कंपनी को सूचित करेगा। प्रवेश और निकास बिंदुओं के लिए नामांकन और अनूसूची बनाने का कार्य प्रणाली प्रचालन उद्देश्य के लिए उत्कृष्ट प्रयासों के आधार पर बाद के किसी दिन को घंटावार किया जाएगा;

(ख) शिपर पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट समय के अंतर्गत प्राधिकृत कंपनी को पुन: नामांकन प्रस्तुत करेगा।

(2) यदि शिपर के पास प्रवेश और निकास बिंदुओं के लिए समर्पित मीटर नहीं है तो शिपर को प्राकृतिक गैस मात्रा, अनुसूचित मात्राओं के आधार पर सुपुर्दगी की मात्रा यथानुपात के आधार पर आबंटित की जाएगी।

(3) प्राधिकृत कंपनी गैस क्रोमैटोग्राफ द्वारा गैस की गुणवत्ता को नियमित रूप से मापेगा, जब तक कि अन्यथा पहुंच व्यवस्था में प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच सहमति न हुई हो।

(4) माप उपकरण की संपूर्ण त्रुटि सीमा और सटीकता प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच सहमति के अनुसार होगी बशर्ते कि बोर्ड द्वारा विनियमों के जरिए कोई अनिवार्य विशिष्टियां, यदि कोई हों, निर्धारित न की गई हों।

(5) प्राधिकृत कंपनी संगत संहिताओं और मानकों के अनुसार माप उपकरण का सत्यापन, अंशशोधन या जांच कराएगी।

10. गैस लेखांकन और समायोजन

(1) गैस लेखांकन एमएमबीटीयू में ऊर्जा अनुसार दैनिक आधार पर किया जाएगा और यह आईएसओ 6976-1:1983(ड.) में परिभाषित अनुसार और समय-समय पर संशोधित या सुधार किए गए अनुसार कुल कैलोरीयुक्त मूल्य पर आधारित होगा:

बशर्ते कि -

(क) संगत प्रवेश बिंदुओं पर दी गई दैनिक गैस को प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच सहमति के अनुसार प्रणाली के जरिए सीधे मापा जाएगा;

(ख) औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए संगत निकास बिंदुओं पर दैनिक उठान को प्राधिकृत कंपनी और शिपर के बीच हुई सहमति अनुसार प्रणाली के जरिए मापा जाएगा;

(ग) घरेलू ग्राहकों के लिए लेखांकन का दैनिक उठान संगत घरेलू ग्राहकों द्वारा गैस की औसत खपत पर आधारित होगा तथा समायोजन पहुंच व्यवस्था में सहमत पद्धति के अनुसार प्रत्येक बिलिंग चक्र के समाप्त होने के सात दिनों के अंदर किया जाएगा;

(घ) सीएनजी के लिए गैस का दैनिक उठान ऑनलाइन कंप्रेशर के बिक्री केन्द्र पर लगे मीटर से किलोग्राम (कि.ग्रा.) में मापा जाएगा तथा यदि किसी सीएनजी स्टेशन में गैस गुणवत्ता माप उपलब्ध न हो तो इसे किसी संगत दिन को नेटवर्क में गैस के औसत गुणवत्ता मापदण्डों के आधार पर गैस का हिसाब लगाने के लिए एमएमबीटीयू में परिवर्तित करके सीजीएस में मापा जाएगा। इस उद्देश्य के लिए प्राधिकृत कंपनी को एक संदर्श्य जोन में परिभाषित करना होगा तथा इसकी सूचना शिपर को देनी होगी।

(2) विस्तृत माप और गैस लेखांकन प्रक्रिया पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट की जाएगी।

11. प्रभार

(1) शिपर प्राधिकृत कंपनी को उसके द्वारा सृजित बीजक में विनिर्दिष्ट अनुसार अपने नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क का इस्तेमाल करने के लिए निम्नलिखित प्रभार का भुगतान करेगा, अर्थात्:-

(क) नेटवर्क टैरिफ जिसमें सीजीडी नेटवर्क में गैस परिवहन, गंधयुक्त बनाना, गैस का मीटर लगाना, गैस पुन: समायोजित करना तथा गैस का उपयोग करने वाली प्राप्ति शामिल है;

(ख) कंप्रेशन प्रभार;

(ग) अधिक प्रभार लेना, यदि लागू हो;

(घ) प्रणाली असंतुलन प्रभार, यदि लागू हो;

(ङ) पहुंच व्यवस्था में हुई सहमति अनुसार गैर-विशिष्ट गैस प्रभार;

(च) लागू कर;

(छ) पहुंच व्यवस्था में हुई परस्पर सहमति अनुसार अन्य कोई प्रभार जैसे-

(i) शिप या भुगतान;

(ii) परिवहन या भुगतान;

(iii) प्रणाली का तकनीकी उन्नयन;

(iv) आर एण्ड डी;

(v) बोर्ड के अनुमोदन से अन्य कोई प्रभार।

12. **नेटवर्क टैरिफ और कंप्रेशन प्रभार**

(1) प्रत्येक दिन के लिए नेटवर्क टैरिफ प्रभार, नेटवर्क टैरिफ के उत्पादन के बराबर होगा और संगत निकास बिंदुओं का योग सुपुर्दगी मात्रा होगा:

बशर्ते कि इस मात्रा पर पहुंच संहिता में निहित प्रावधानों के अनुसार अन्य कोई प्रभार नहीं लगेगा;

आगे बशर्ते कि शिपर की सुपुर्दगी या भुगतान प्रावधान को 0.5 एमएमबीटीयू दैनिक क्षमता से अधिक के उपभोक्ता के लिए शिपर और प्राधिकृत कंपनी के बीच संविदागत व्यवस्था के अनुसार लागू किया जाएगा।

(2) प्रत्येक दिन के लिए कंप्रेशन प्रभार का उत्पाद तथा संगत सीएनजी निकास बिंदुओं के सुपुर्दगी मात्रा के योग के बराबर होनी चाहिए:

बशर्ते कि इस मात्रा में पहुंच संहिता में निहित प्रावधानों के अनुसार अन्य कोई प्रभार नहीं लिया जाएगा।

आगे बशर्ते कि शिपर की सुपुर्दगी या भुगतान प्रावधान 0.5 एमएमबीटीयू दैनिक से अधिक क्षमताओं वाले उपभोक्ताओं के लिए शिपर और प्राधिकृत कंपनी के बीच संविदागत प्रावधान के अनुसार होगा।

13. **प्राधिकृत कंपनी का कमी प्रभार**

(1) प्राधिकृत कंपनी अनुसूचित मात्रा तक क्षमता उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी होगी जब तक कि विनियम 19 में अनुसूचित अनुसार नियोजित रखरखाव न हो या विनियम 20 में निर्धारित अनुसार प्रतिकूल परिस्थितियां न हों या विनियम 21 में विनिर्दिष्ट अनुसार कोई आपात स्थिति न हो।

(2) प्राधिकृत कंपनी पहुंच व्यवस्था में हुई सहमति अनुसार शिपर को प्रभारों का भुगतान करेगी, यदि प्राधिकृत कंपनी अनुसूचित मात्रा तक क्षमता उपलब्ध कराने में असमर्थ हो, जब तक कि विनियम 19 में अनुसूचित अनुसार नियोजित रखरखाव न हो या विनियम 20 में निर्धारित अनुसार प्रतिकूल परिस्थितियां न हों या विनियम 21 में विनिर्दिष्ट अनुसार आपात स्थिति न हो।

14. अधिक प्रभार लगना:

(1) शिपर द्वारा एक दिन में एमएमबीटीयू में प्रत्येक प्रवेश बिंदु पर अधिक मात्रा की गणना करने की पद्धति को बिना किसी भेदभाव के पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(2) शिपर को अनुसूचित मात्रा के 5% तक अधिक मात्रा लेने पर कोई अधिभार नहीं देना होगा। अनुसूचित मात्रा के 5% से अधिक मात्रा पर अधिभार देना होगा।

(3) अनुसूचित मात्रा के 5% से अधिक की मात्रा के लिए अधिभार तर्कसंगत, पारदर्शी और बिना भेदभाव वाला होना चाहिए तथा इसे पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) एक दिन में किसी विशेष प्रवेश बिंदु के लिए शिपर द्वारा दिया जाने वाला भुगतान अधिभार इस विनियम के उप-विनियम (1) में निर्धारित अनुसार गणना की गई अधिक मात्रा के उत्पाद के बराबर होगा तथा पहुंच व्यवस्था में अधिभार दर बिना भेदभाव आधार पर विनिर्दिष्ट अनुसार होगी।

(5) एक दिन में शिपर द्वारा दिया जाने वाला अधिभार उस दिन प्रत्येक प्रवेश बिंदु के संबंध में देय अधिभार के योग के बराबर होगा।

15. प्रणाली असंतुलन प्रभार

(1) एक दिन में एमएमबीटीयू में सकारात्मक असंतुलन मात्रा निकासी बिंदुओं पर उठाई गई शिपर की मात्राओं के योग की तुलना में प्रवेश बिंदुओं पर सुपुर्द की गई शिपर की मात्राओं के योग से अधिक होगी।

(2) एक दिन में एमएमबीटीयू में नकारात्मक असंतुलन मात्रा प्रवेश बिंदुओं पर शिपर की सुपुर्दगी मात्रा के योग की तुलना में निकासी बिंदुओं पर उठाई गई शिपर की मात्रा के योग से अधिक होगी।

(3) दिन के शुरू में संचयी असंतुलन पिछले दिन की समाप्ति पर संचयी असंतुलन के बराबर होगी। पहले दिन के शुरू में जब शिपर द्वारा प्राकृतिक गैस की सुपुर्दगी की जाती है, तो संचयी असंतुलन शून्य होगा।

(4) दिन की समाप्ति पर संचयी संतुलन, दिन के शुरू होने पर संचयी असंतुलन और पूरे दिन के असंतुलन के योग के बराबर होना चाहिए।

(5) शिपर को 5% संचयी सकारात्मक असंतुलन और संगत प्रवेश बिंदु एमडीक्यू के योग के 3% संचयी नकारात्मक असंतुलन तक किसी असंतुलन प्रभार का भुगतान नहीं करना होगा। प्राधिकृत कंपनी दैनिक आधार पर शिपर की असंतुलन मात्रा को अधिसूचित करेगा ताकि शिपर को बाद की अवधि के लिए नामित मात्रा प्रस्तुत करते समय असंतुलन में

सुधार करने का अवसर मिल सके। यदि शिपर पंद्रह दिनों की अवधि में ऐसे असंतुलनों को दुरुस्त नहीं कर पाता है, तो प्राधिकृत कंपनी को ऐसा असंतुलन ठीक करने के लिए प्रवेश तथा निकास बिंदुओं पर रोजाना नामांकन ठीक करने का अधिकार होगा ताकि नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क की सुरक्षा और अखण्डता सुनिश्चित की जा सके। इन सीमाओं के अतिरिक्त संचयी सकारात्मक असंतुलन और संचयी नकारात्मक असंतुलन की असंतुलित दरें तर्कसंगत, पारदर्शी और बिना किसी भेदभाव के होनी चाहिए।

(6) शिपर द्वारा किसी विशेष दिन दिया जाने वाला असंतुलन प्रभार इस विनियम के उप-विनियम 4 में निर्धारित अनुसार गणना की गई संचयी असंतुलन मात्रा के उत्पाद तथा पहुंच प्रबंधन में विनिर्दिष्ट असंतुलन दरों के बराबर होना चाहिए।

(7) दैनिक असंतुलन गैस मात्राओं को शिपर और प्राधिकृत कंपनी के बीच प्रत्येक पंद्रह दिन बाद औद्योगिक, वाणिज्यिक और सीएनजी खण्ड के लिए वास्तविक दैनिक मीटर के अनुसार राशि पर विचार करते हुए तथा घरेलू खण्ड के लिए गैस की परस्पर सहमत दैनिक खपत को ध्यान में रखते हुए निपटान की पद्धति को पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट किया जाएगा। घरेलू खपत के लिए वास्तविक मीटर मात्रा के साथ समायोजन शिपर और प्राधिकृत कंपनी के बीच पहुंच व्यवस्था में हुई सहमति अनुसार होगा।

(8) प्राधिकृत कंपनी द्वारा एक निलंब खाता (एसक्रो खाता) खोला जाना चाहिए जिसमें इन विनियमों के अंतर्गत असंतुलन और अधिक समय लगने के कारण प्राधिकृत कंपनी द्वारा प्राप्त सभी प्रभारों को जमा किया जाएगा तथा प्राधिकृत कंपनी विलंब खाते से आपूर्ति या भुगतान करने तथा नकारात्मक असंतुलन के मामले में कंप्रैस गैस के लिए अतिरिक्त प्रयास करने और शिपर द्वारा किए गए ऐसे असंतुलन के कारण सीजीडी नेटवर्क के प्रबंधन के संदर्भ में अपनी संविदागत बाध्यता के लिए भुगतान से निकासी करने की पात्र होगी।

(9) प्राधिकृत कंपनी बोर्ड को वार्षिक आधार पर उप-विनियम 8 में उल्लिखित विलंब खाते को लेखा-परीक्षित विवरण प्रस्तुत करेगा।

(10) उप विनियम (8) के अंतर्गत प्राधिकृत कंपनी द्वारा पात्र निकासी के बाद निलंब खाते में उपलब्ध शेष राशि का इस ढंग से और ऐसे उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा जैसा कि बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया हो।

16. घंटेवार सुपुर्दगी, उठान तथा प्राप्ति दरें

(1) एमडीआर, एमओआर तथा एमआरआर के साथ-साथ घंटेवार अनुसूचित दरों से प्राधिकृत विचलन, जिसके लिए शिपर को कोई प्रभार नहीं देना पड़ता, को पहुंच व्यवस्था में

विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए ताकि नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क की सुरक्षा और अखण्डता सुनिश्चित हो सके।

(2) घंटेवार सुपुर्दगी और उठान दरें जो इन सीमाओं को बढ़ाती हैं, की पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए:

बशर्ते कि शिपर को घंटेवार सुपुर्दगी और उठान दरें जो नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क में प्रवेश और निकासी बिंदुओं की क्षमता तक उनकी पहुंच के पहले साठ दिनों की पहुंच व्यवस्था में विनिर्दिष्ट सीमाओं से बढ़ जाती है, के विचलन के लिए किसी प्रभार का भुगतान नहीं करना होगा यदि शिपर ने विनियम 5 के अंतर्गत क्षमता बुक की है।

17. **प्रणाली प्रयोग गैस (एसयूजी), गुम और लापता गैस (एलयूएजी)**

प्राधिकृत कंपनी एसयूजी और एलयूएजी, यदि कोई हो, को आत्मसात करने और किसी शिपर की इस खाते में देनदारी प्राप्ति नहीं करेगा:

बशर्ते कि प्राधिकृत कंपनी अन्य किसी स्रोत से इस प्राकृतिक गैस की व्यवस्था करने के लिए स्वतंत्र होगी।

18. **लाइन पैक (एलपी)**

प्राधिकृत कंपनी हर समय एलपी गैस के लिए व्यवस्था करेगी तथा शिपर से कोई प्रभार नहीं लिया जाएगा। टैरिफ निर्धारण करने के उद्देश्य से यह मूल फिलिंग मूल्य पर गैर-मूल्य ह्रास कैपेक्स बनाएगा।

19. **नियोजित रखरखाव**

(1) प्राधिकृत कंपनी शिपर को पहुंच व्यवस्था में हुई सहमति के अनुसार समय रहते एक निश्चित अवधि के लिए अपनी रखरखाव योजना के बिना भेदभाव के आधार पर ऐसे प्रवेश और निकास बिंदुओं का पता लगाने, जहां प्राकृतिक गैस प्रवाह को रखरखाव कार्य तक सीमित किया जाए, प्रतिबंधों की सीमा तथा उनके घटने के समय की सूचना देनी होगी। प्राधिकृत कंपनी ऐसे रखरखाव की योजना बनाएगी ताकि प्रभावित पार्टियों को पहुंचने वाली बाधा को न्यूनतम किया जा सके।

(2) घरेलू खण्ड को छोड़कर सभी खण्डों में किसी ग्राहक के लिए नियोजित रखरखाव शटडाउन अवधि एक वर्ष में दस दिनों से अधिक नहीं होगी। घरेलू ग्राहकों पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनियों को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 में विनिर्दिष्ट सेवा बाध्यताएं तथा अन्य संगत विनियम लागू होंगे।

IndiaCode

20. प्राकृतिक आपदा

(1) प्रभावित पार्टियां प्राकृतिक आपदा उत्पन्न होने पर -

(क) जैसे ही उपयुक्त रूप से व्यवहारिक हो, प्राकृतिक आपदा और उसकी प्रकृति की अनुमानित अवधि को प्रत्येक दूसरी पार्टी द्वारा सूचित करने पर उसकी संभावित अवधि तथा प्रभावित पार्टी के निष्पादन की बाध्यता का, जहां तक हो सके, उपयुक्त रूप से आकलन किया जाए।

(ख) इसके बाद प्रत्येक अन्य पार्टी को निम्नलिखित का उपयुक्त ब्यौरा समय-समय पर उपलब्ध कराया जाए, नामत:

(i) इस विनियम के उप-विनियम (क) के अंतर्गत अधिसूचित मामलों में विकास;

(ii) प्रभावित पार्टी द्वारा प्राकृतिक आपदा के घटने या इसके प्रभावों और इसकी संगत बाध्यताओं के निष्पादन को बहाल करने से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदम।

(2) प्राधिकृत कंपनी और शिपर को प्रतिकूल परिस्थिति के कारण और उसके दौरान उत्पन्न होने वाली उनकी संबंधित बाध्यताओं से मुक्त किया जाना चाहिए।

21. प्रचालन प्रक्रियाएं और आपात स्थिति

(1) प्राधिकृत कंपनी और शिपर द्वारा नियमित प्रचालनों और आपात स्थिति के दौरान अपनाई जाने वाली प्रचालन पद्धति को पहुंच व्यवस्था में शामिल किया जाएगा।

(2) आपात स्थिति से निम्नलिखित हो सकता है -

(क) गैस के रिसाव या संभावित रिसाव द्वारा; या

(ख) निम्नलिखित परिस्थितियों में नामत:

(i) नेटवर्क की सुरक्षा को खतरा हो;

(ii) नेटवर्क के जरिए गैस के सुरक्षित परिवहन को खतरा हो;

(iii) नेटवर्क द्वारा ग्राहक के परिसर में दी जाने वाली गैस का दबाव इतना अधिक हो या उसकी गुणवत्ता ऐसी हो कि जान या माल के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता हो; या

(iv) अन्य कोई परिस्थितियां जिसे प्राधिकृत कंपनी द्वारा आपात स्थिति लगाने के लिए उपयुक्त माना जाए (जिसमें किसी संदेह से बचने के लिए किसी प्रवेश बिंदु की अपस्ट्रीम परिस्थितियां शामिल हों), और जहां संदर्भ में अपेक्षित हो, आपात स्थिति के संदर्भ में ऐसी घटना या परिस्थिति शामिल हो सकती है जिससे ऐसी आपात स्थिति उत्पन्न हो सकती हो।

(3) प्राधिकृत कंपनी किसी आपात स्थिति के बाद, जहां तक उपयुक्त रूप से संभव हो, नेटवर्क के सामान्य प्रचालन को बहाल करने तथा नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क में आपात स्थिति या बाधाओं या रुकावटों के मामले में विभिन्न ग्राहक खण्डों को सेवाएं बहाल करने के लिए कदम उठाएगा, जो प्राथमिकता के निम्नलिखित क्रम में होंगे, नामत:

(क) घरेलू पीएनजी ग्राहक;
(ख) अनिवार्य सेवाएं (अस्पताल, क्लिनिक, दुग्ध आपूर्ति, आदि);
(ग) सीएनजी ग्राहक;
(घ) अन्य

22. सूचना की गोपनीयता

(1) किसी कंपनी द्वारा प्राधिकृत कंपनी, शिपर या अन्य किसी पार्टी को इन विनियमों के संबंध में या आवश्यकताओं के परिणामस्वरूप सभी दस्तावेज, सूचना, आंकड़े, प्रस्तुतियां और टिप्पणियां लिखित में या अन्यथा बताई गई हों या दी गई हों, को गोपनीय माना और समझा जाएगा तथा विषय-वस्तु और उसकी प्रतियों सहित सभी दस्तावेज़, सूचना, आंकड़े प्रस्तुतियों और टिप्पणियों को किसी न्यायालय में किसी कार्यवाहियों के संदर्भ को छोड़कर किसी भी रूप में पूर्ण या आंशिक रूप से उद्घाटित नहीं किया जाएगा।

23. विविध

(1) बोर्ड को इन विनियमों के संबंध में स्पष्टीकरण जारी करने का अधिकार होगा तथा कोई विवाद उत्पन्न होने पर बोर्ड द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(2) यदि इन विनियमों के किसी प्रावधान की व्याख्या के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

****

IndiaCode

अनुसूची-I

[(देखें विनियम 2 (1)(i)]

ऊर्जा मूल्य में सीएनजी की मात्रा को परिवर्तित करने का परिवर्तन सूत्र

प्राकृतिक गैस (एमएमबीटीयू) = सीएनजी की मात्रा (कि.ग्रा.) x GCV x $\frac{3.96828 \times 10^{-6}}{\rho}$

जहां

1. ρ = (कि.ग्रा./SM^3) पर प्राकृतिक गैस का घनत्व
2. STP = मानक तापमान और दबाव - आईयूपीएसी द्वारा परिभाषित अनुसार (अंतर्राष्ट्रीय शुद्ध और अनुप्रयुक्त रसायन संघ) जहां वायु 0°C(273.15के, 32°F) और 10^5 पास्कल पर हो।

   (1 Pa = 10^{-6} N/mm^2 = 10^{-5} bar = 0.1020 kp/m^2 = 1.02×10^{-4} m H_2O = 9.869×10^{-6} atm = 1.45×10^{-4} psi (lbf/in^2))
2. जीसीवी = सकल कैलोरीयुक्त मूल्य (Kcal/Sm^3)
3. जीसीवी और ρ सजातीय क्षेत्र से होंगे जिन्हें प्राधिकृत कंपनी अपफ्रंट द्वारा समय-समय पर परिभाषित किया जाएगा।

अनुसूची-II

[(देखें विनियम 5(1) और 5(7)]

नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क में क्षमता बुकिंग के लिए सार्वजनिक परामर्श हेतु प्रपत्र

1. कंपनी का नाम:
2. नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क का नाम:
3. प्रवेश बिंदु और प्रवेश बिंदु क्षमता का नाम:
   (विनिर्दिष्ट जीसीवी पर एमएमबीटीयू में)
4. प्रत्येक बिंदु पर प्रवेश बिंदु, निकास बिंदु, निकास बिंदु क्षमता (विनिर्दिष्ट जीसीवी पर एमएमबीटीयू में) का नाम तथा प्रत्येक बिंदु पर सीएनजी निकास बिंदु क्षमता (कि.ग्रा.) में:
5. प्रवेश बिंदुओं पर अपेक्षित गैस मापदण्ड:
   (क) दबाव और तापमान की स्वीकार्य शृंखला:
   (ख) सीवी बिंदु की स्वीकार्य श्रृंखला:
   (ग) Co_2, N_2, O_2 आदि जैसी प्राकृतिक गैस में अन्य तत्वों के लिए स्वीकार्य सीमाएं।

अनुसूची-III

(देखें विनियम 5(3))

नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क में क्षमता के लिए अनुरोध करने का प्रपत्र

1. कंपनी का नाम :
2. नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क का नाम :
3. प्रत्येक बिंदु पर प्रवेश बिंदुओं और प्रवेश बिंदु क्षमता आवश्यकता (एमएमबीटीयू में) का नाम:
4. प्रत्येक बिंदु पर निकास बिंदुओं, निकास बिंदु क्षमता आवश्यकता (एमएमबीटीयू में) का नाम तथा प्रत्येक बिंदु में सीएनजी निकास बिंदु क्षमता आवश्यकता (कि.ग्रा. में) :
5. प्रत्येक बिंदु पर गैस मापदण्ड (प्रत्येक प्रवेश बिंदु के लिए अलग से विनिर्दिष्ट किया जाएगा):

   (क) दबाव और तापमान की शृंखला
   (ख) सीवी बैंड की स्वीकार्य शृंखला
   (ग) Co_2, N_2, O_2 आदि जैसी प्राकृतिक गैस में अन्य तत्वों की अनुमानित सीमा।

6. निकास बिंदुओं पर अपेक्षित गैस मापदण्ड (प्रत्येक निकास बिंदु के लिए अलग से विनिर्दिष्ट किया जाए):

   (क) दबाव और तापमान की स्वीकार्य शृंखला
   (ख) सीवी बैंड की स्वीकार्य शृंखला
   (ग) Co_2, N_2, O_2 आदि जैसी प्राकृतिक गैस में अन्य तत्वों के लिए स्वीकार्य सीमाएं

7. प्रारंभिक तारीख और अवधि (दिनों की संख्या), जिसके लिए क्षमता तक पहुंच अपेक्षित है:

अनुसूची IV

[देखें विनियम 7 (1)]

नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क पर गैस मापदण्ड के लिए सीमा

मापदण्ड	सीमा
हाइड्रोकार्बन ओसांक (डिग्री सेल्सियस, अधिकतम)	0
जल ओसांक (डिग्री सेल्सियस, अधिकतम)	0
हाइड्रोजन सल्फाइड (अधिकतम भाग द्वारा पीपीएम)	5
कुल सल्फर (अधिकतम भाग द्वारा पीपीएम)	10
कार्बन डाइआक्साइड (अधिकतम मोल %)	6
कुल निष्क्रियता (मोल %)	8
तापमान (डिग्री सेल्सियस, अधिकतम)	55
तापमान (डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम)	10-20
ऑक्सीजन (% मोल मात्रा अधिकतम)	0.2
वोब्बे सूचकांक (घरेलू उपभोक्ताओं के लिए)	39-53*

टिप्पणी: * एमजे/एससीएम पर आधारित

रतन पी. वातल, सचिव

[विज्ञापन III/4/188/10-असा.]

PETROLEUM AND NATURAL GAS REGULATORY BOARD

NOTIFICATION

New Delhi, the 29th March, 2011

F. No. S-Admn./II/8/2010.—In exercise of the powers conferred by Section 61 of the Petroleum and Natural Gas Regulatory Board Act, 2006 (19 of 2006), the Petroleum and Natural Gas Regulatory Board hereby makes the following regulations, namely :—

1. Short title and commencement.

(1) These regulations may be called the Petroleum and Natural Gas Regulatory Board (Access Code for City or Local Natural Gas Distribution Networks) Regulations, 2011.

(2) These regulations shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.

(1) In these regulations, unless the context otherwise requires,-

(a) **"access arrangement"** means a contract between the authorised entity and the shipper defining the terms and conditions for access to entry point capacity, exit point capacity and CNG exit point capacity on the city or local natural gas distribution network and placed on the website of authorised entity:

Provided that access arrangement shall be based on access arrangement guidelines issued by the Board:

Provided further that the capacity webhosted shall be the available capacity;

(b) **"Act"** means the Petroleum and Natural Gas Regulatory Board Act, 2006;

(c) **"allocated capacity"** means the scheduled maximum daily capacity in MMBTU at entry point agreed between the authorised

entity and the shipper for delivery at exit point;

(d) **"appointed day"** means the date of October 1, 2007 when the Central Government notified the establishment of the Petroleum and Natural Gas Regulatory Board;

(e) **"authorised entity"** means an entity that is authorised to lay, build, operate or expand a city or local natural gas distribution network in a geographical area under the Petroleum and Natural Gas Regulatory Board Act, 2006 and the relevant regulations made thereunder;

(f) **"Board"** means the Petroleum and Natural Gas Regulatory Board established under the Petroleum and Natural Gas Regulatory Board Act, 2006;

(g) **"CNG exit point"** means the point at which the CNG is off taken from a CNG compressor outlet point for delivery to the shipper with proper arrangement for metering at outlet of the CNG compressor by the authorised entity:

Provided that the CNG exit point shall terminate at tubing connection or union where compressor exit is connected to dispenser and at filling nozzle in case it is connected to CNG cascade of the shipper;

(h) **"CNG exit point capacity"** means the maximum quantity of CNG, measured in kilograms (Kgs), which the authorised entity shall deliver to the shipper at the relevant CNG exit point in a day:

Provided that the CNG mass shall be converted into energy value by applying the conversion formula as specified in Schedule-I:

Provided further that a homogenous zone has to be defined by the authorised entity upfront from time to time and the same has to be informed to the shipper;

(i) **"CNG exit point maximum daily quantity" ("CNG exit point MDQ")** means the maximum quantity of natural gas, measured in kilogram (kgs), which can be off-taken by the shipper at the relevant CNG exit point in a day;

(j) **"compression charge for CNG"** means a charge (excluding statutory taxes and levies) in Rs./Kg for online compression of natural gas into compressed natural gas for subsequent dispensing

to customers in a CNG station, as determined and approved by the Board;

(k) **"day"** means a period of twenty-four consecutive hours beginning at 0600 hours on a day and ending before the start of 0600 hours on the following day;

(l) **"designated exit point"** means the exit point for which gas delivery has been mutually agreed between the shipper and the authorised entity;

(m) **"delivered quantity"** means the quantity of gas in MMBTU delivered by the authorised entity at designated exit point of the shipper;

